कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पटना

Tel: 9031644278, E-mail: dao-pat1@gmail.com

अल्पकालीन फलदार वृक्षों के फलों के निलामी की सूचना

सर्वसाधारण एवं इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि बीज गुणन प्रक्षेत्र, फतुहाँ परिसर में फलदार वृक्षों यथा आम एवं नारियल के फलों की वर्ष 2026 के लिए निलामी की तिथि 16.02.2025 दिन सोमवार को 11:30 बजे पूर्वाह्न से राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र, फतुहाँ परिसर में संयुक्त निदेशक (शष्य), पटना प्रमण्डल, पटना की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा खुले डाक के माध्यम से की जायेगी।

निलामी की शर्तें

1. निलामी हेतु आवेदन निलामीकर्त्ता के पदनाम से नियत तिथि एवं समय तक भेजा जा सकेगा। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. डाक वक्ता को अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र/मतदाता पहचान पत्र/फोटो पहचान पत्र/आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।
3. डाक में भाग लेने वाले को निलामी के दिन 5,000.00 (पाँच हजार) रू० मात्र जमानत के रूप में जमा करना होगा। न्यूनतम बोली की राशि 63,500.00 (तीरसठ हजार पाँच सौ) रू० मात्र होगी।
4. यह निलामी वर्ष 2026 फसल रहने तक अधिकतम सितम्बर माह तक के लिए मान्य होगी।
5. निलामी के बाद फलदार वृक्षों की सुरक्षा की जिम्मेदारी डाक वक्ता की होगी।
6. अधिकतम डाक वक्ता के साथ निलामी की स्वीकृति दी जायेगी तथा निलामी की पूरी राशि उसी दिन जमा करनी होगी और अगर वे सभी शर्तों का पालन नहीं करते हैं तो निलामी निरस्त करते हुए जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी।
7. जिस व्यक्ति को निलामी की स्वीकृति दी जायेगी उनका जमानत के रूप में जमा निलामी की राशि में समायोजित कर लिया जायेगा, अन्य व्यक्तियों को जमानत की राशि तुरंत वापस कर दी जाएगी।
8. निलामी की स्वीकृति अथवा निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताए समिति के अध्यक्ष के पास सुरक्षित रहेगा।
9. सभी प्रकार के वादों का निपटारा पटना में किया जायेगा।

अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी,
पटना सिटी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांकः– 247 दिनांकः– 03 / 02 /2026

प्रतिलिपिः– संयुक्त निदेशक(शष्य), पटना प्रमण्डल, पटना/संयुक्त निदेशक(रसायन), केन्द्रीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, बिहार, पटना/संयुक्त निदेशक (पौ०सं०), बिहार, पटना/उप निदेशक(शष्य), सूचना/अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, पटना सिटी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, फतुहाँ एवं मीठापुर प्रक्षेत्र अवस्थित कार्यालय प्रधान से अनुरोध है कि इस सूचना को अपने कार्यालय के सूचनापट्ट पर प्रदर्शित करने की कृपा करेंगें।

जिला कृषि पदाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांकः– 247 दिनांकः– 03 / 02 /2026

प्रतिलिपिः– संयुक्त निदेशक (शष्य), पटना प्रमण्डल, पटना –सह– अध्यक्ष/उप कृषि निदेशक (प्रक्षेत्र), पटना प्रमण्डल, आरा –सह– सदस्य/अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, पटना सिटी –सह– सदस्य सचिव से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि समय एवं स्थान पर उक्त निलामी में भाग लेने की कृपा की जाय।

जिला कृषि पदाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांकः– 247 दिनांकः– 03 / 02 /2026

प्रतिलिपिः– कृषि निदेशक, बिहार, पटना/उप निदेशक(शष्य), प्रक्षेत्र, बिहार, पटना को सूचनार्थ।

जिला कृषि पदाधिकारी,
पटना।